Hint (H)

Page No. 04

01.09.2019

आईटीएस कालेज ऑफ फार्मेसी में छात्रों ने फ्रेशर पार्टी में मचायी धूम



गाजियाबाद/हिन्ट। आईटीएस-दी एजुकेशन ग्रुप द्वारा संचालित आईटीएस कालेज ऑफ फार्मेसी, मुरादनगर में डीफार्म के प्रथम बैच के छात्रों को कालेज प्रंबधन द्वारा फ्रेषर पार्टी दी गयी।

कार्यक्रम का शुभारम्भ डा. एस. सदीश कुमार, निदेशक, आईटीएस कालेज आफ फार्मेसी ने दीप प्रज्वलन कर छात्रों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना के साथ किया।

डी फार्म का यह प्रथम बैंच है एवं इस अवसर पर बोलते हुए डा0 सदीश ने सभी नवागतुक छात्रों का स्वागत किया तथा छात्रों को शिक्षा के साथ साथ अन्य सास्कृतिक क्रार्यकर्मों में बढचढ कर हिस्सा लेने के लिये कहा। उन्होंने कहा कि छात्रों को प्रत्येक सुविधा देने के लिये कालेज तैयार है जिससे छात्र यहा के उत्कृष्ठ परिवेश में अपने आप को इस तरह तैयार करे कि भविष्य की चुनौतियों का सामाना कर सके एवं एक अच्छे नागरिक बन कर समाज के लिये काम आ सके।

इस अवसर पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि मानव की काबलियत सिर्फ योग्यता पर ही निर्भर नही है। बल्कि उसके जज्बें और ओर दृढ निश्चय पर भी निर्भर करता है। उन्होने शिक्षा पर जोर देते कहा कि एक अध्यापक का हमारे जीवन में बहुत ही महत्वूर्ण स्थान व योगदान रहा है ओर भारत की तकनीकी पिक्षा को बढावा देने में उन्होंने मुख्य भूमिका निभाई है उन्होंने छात्रों को कोर्स के पाठयक्रम एवं अत्याधुनिक उपकरणों से अवगत कराते हुए उनकी उपयोगिता के बारे में बताया और कहा कि छात्रों ने फार्मेसी का विकल्प चुनकर अपने भविष्य को सवारने के लिये एक सुनहरा अवसर पाया है जिससे वह एक बेहत्तर फार्मासिस्ट बनकर समाज की सेवा व दवाओं के क्षेत्र में नये अविष्कार करके भारत को हेल्दी एवं सुदृड बना सके। कार्यक्रम में सभी छात्रों ने लाजवाब व्यंजन का आनन्द लिया।

इस अवसर पर कालेज के सभी शिक्षक, शिक्षिकायें उपस्थित रहे। कार्यक्रम डा0 राजकुमारी एवं मि0 प्रसून सक्सेना के कुशल निर्देशन में सम्पन्न हुआ।

Amar Ujala

Date : 31.08.2019

Page No. 06(GZB)

फार्मेसी के छात्रों ने फ्रेशर पार्टी में मचाया धमाल

माई सिटी रिपोर्टर

मुरादनगर। आईटीएस कॉलेज ऑफ फार्मेसी में शुक्रवार को डीफार्म के प्रथम बैच के स्टूडेंट्स के लिए फ्रेशर पार्टी का आयोजन किया गया। शुभारंभ निदेशक डा.एस सदीष कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। उन्होंने डीफार्म के प्रथम बैच के नवागतुक स्टूडेंट्स का स्वागत किया। कहा कि कॉलेज के उत्कृष्ट परिवेश में छात्र अपना भविष्य बनाये। एक अच्छे नागरिक बन कर देश व समाज की सेवा के लिए आगे आये। कहा कि अध्यापक का हमारे जीवन में बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान व योगदान रहा है। इस दौरान डा. राजकुमारी, प्रसून सक्सेना आदि मौजूद रहे।

छात्रा को सर्टिफिकेट देते शिक्षक।